हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र 16/2015 द्वारा स्थापित
रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.)–491001
Email: registrar@durguniversity.ac.in **Website:** www.durguniversity.ac.in **Phone** 0788-2359100

क्रमांक/1312/ कुलसचिव कार्या./2024 दुर्ग, दिनांक 03–05–2024

//सूचना//

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नरेन्द्र देव वर्मा शोधपीठ के द्वारा राष्ट्रीय स्तर की ओपन छत्तीसगढ़ी कहानी एवं छत्तीसगढ़ी कविता लेखन तथा "छत्तीसगढ़ के दर्शनीय स्थल" विषय पर पेंटिंग स्पर्धा का आयोजन।

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नरेंद्र देव वर्मा शोधपीठ द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों के विस्तार हेतु राष्ट्रीय स्तर की ओपन छत्तीसगढ़ी कहानी लेखन, छत्तीसगढ़ी कविता लेखन और पेंटिंग स्पर्धा आयोजित की जा रही है। इन स्पर्धाओं में भारत के समस्त नागरिक अपनी सहभागिता कर सकते हैं। किसी भी आयु के प्रतिभागी इन स्पर्धाओं में हिस्सा ले सकते हैं। स्पर्धाओं में प्रवेश निशुल्क है।

छत्तीसगढ़ी कविता एवं छत्तीसगढ़ी कहानी और पेंटिंग स्पर्धाओं में विजेताओं को नगद पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। कहानी एवं कविता की हार्डकापी और सॉफ्टकापी दोनों का प्रेषण करना अनिवार्य है। कहानी/कविता की हार्डकापी तथा पेंटिंग विश्वविद्यालय के कक्ष क्रमांक 05 में तथा सॉफ्टकापी dcdc@durguniversity.ac.in में दिनांक 10–06–2024 तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।

छत्तीसगढ़ी कहानी तथा कविता लेखन स्पर्धा हेतु आवश्यक दिशा निर्देश :–

क्र.	छत्तीसगढ़ी कहानी	छत्तीसगढ़ी कविता	"छत्तीसगढ़ी के दर्शनीय स्थल" विषय पर ओपन पेन्टिग
1	छत्तीसगढ़ी कहानी हेतु रचना मौलिक एवं स्वरचित होनी चाहियें। कहानी कृतिदेव font size 16 में टंकित होना चाहियें।	कविताएं मौलिक, विषय पर केन्द्रित तथा संदेशप्रद होनी चाहिए। कविताएं कृतिदेव font size 16 में टंकित होना चाहिए।	पेंटिंग का आकार Full Poster Size (3X2 feet) होना चाहिए। पेंटिंग प्रतिभागी द्वारा ही निर्मित होनी चाहिए। इस आशय का प्रमाण पत्र पेंटिंग के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
2	छत्तीसगढ़ी कहानी की अधिकतम शब्द सीमा 1000 शब्द (टंकित 04 पृष्ठ के लगभग) होगी।	कविता न्यूनतम चार व अधिकतम छः छंद/मुक्त छंद की होनी चाहिए।	प्रतिभागी पेंटिग के लिए किसी भी माध्यम का प्रयोग कर सकते हैं। पेंटिंग के विषय से संबंधित संक्षिप्त जानकारी पेंटिंग के नीचे दी जानी है।
3	छत्तीसगढ़ी कहानी/छत्तीसगढ़ी कविता/ छ.ग. की पृष्ठभूमि पर आधारित होनी चाहिए या छत्तीसगढ़ी संस्कृति इसके माध्यम से प्रतिबिंबित चाहिए।		प्रतियोगिता में भागीदारी हेतु जमा की गई पेंटिंग विश्वविद्यालय की संपत्ति होगी तथा विश्वविद्यालय उनका इच्छानुसार प्रयोग कर सकता है।
टीप :– निर्णायकों का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाली प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जावेगा।			

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
दुर्ग, दिनांक 03/05/2024

पृ. क्र./1313/कुलसचिव कार्या./2024
प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति महोदया के निज सचिव को सादर सूचनार्थ।

3.5.24
प्रभारी निदेशक
नरेंद्र देव वर्मा शोधपीठ
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

CamScanner
CamScanner